सब का सपना

निष्पक्ष व निडर-हिंदी दैनिक समाचार पत्र

वाणी कपूर निभाएंगी अजय देवगन की पत्नी का किरदार... :- पेज 8

आरसीबी-दिल्ली कैपिटल्स के मुकाबले में नजरें विराट... :- पेज 8

वर्ष : 01 | अंक: 08 | गुरुवार- 10 अप्रैल 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्य: 4 रुपए

दिल्ली उच्च न्यायालय मंत्रिपरिषद में मंत्रियों की संख्या बढ़ाने के अनुरोध पर विचार करेगा

नयी दिल्ली (एजेंसी) दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि दिल्ली सरकार के मंत्रिपरिषद में मंत्रियों की संख्या बढ़ाने के अनुरोध वाली जनहित याचिका पर विचार किए जाने की जरूरत है। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कई सवाल पूछे और मामले की अगली सुनवाई के लिए 28 जुलाई की तारीख निर्धारित की।

याचिका में दलील दी गई है कि दिल्ली सरकार के पास 38 विभाग हैं और विधानसभा में 70 विधायक होने के बावजूद सरकार चलाने का जिम्मा केवल सात मंत्रियों पर है।

याचिकाकर्ता आकाश गोयल ने कहा है, यह किसी भी राज्य में मंत्रियों की सबसे कम संख्या है। दिल्ली के बाद गोवा और सिक्किम का स्थान आता है, जहां क्रमशः 40 और 32 विधायक हैं, जबकि सरकार चलाने का जिम्मा 12-12 मंत्रियों पर है। सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों में दिल्ली का एक अलग दर्जा है।

अधिवक्ता कुमार उत्कर्ष के माध्यम से दाखिल याचिका में भारतीय संविधान के अनुच्छेद-239एए को भी चुनौती दी गई है, जो दिल्ली में मंत्रिपरिषद में मंत्रियों की संख्या को विधानसभा के कुल सदस्यों के मात्र 10 फीसदी तक सीमित करता है।

याचिका में कहा गया है कि यह सीमा

मनमानी, भेदभावपूर्ण एवं संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन है और विशेष रूप से संघवाद, लोकतांत्रिक शासन तथा प्रशासनिक दक्षता के सिद्धांतों को कमजोर करती है। याचिका में दावा किया गया है कि दिल्ली अन्य केंद्र-शासित प्रदेशों के समान नहीं है और अनुच्छेद-239एए के आधार पर इसे अनूठा और खास दर्जा दिया गया है, जो इसे अन्य केंद्र-शासित प्रदेशों से अलग करता है।

उच्च न्यायालय ने कहा कि दिल्ली की तुलना अन्य राज्यों से नहीं की जा सकती, क्योंकि इसे विशेष संवैधानिक व्यवस्था के तहत स्वतंत्र दर्जा हासिल है और इसका शासन अलग तरीके से चलता है। उसने कहा, अगर दिल्ली का दर्जा एक स्वतंत्र राज्य के तौर पर बरकरार रखा गया है, तो आप इसकी तुलना दूसरे राज्यों से कैसे कर सकते हैं? संवैधानिक व्यवस्था के तहत दिल्ली का शासन दूसरे राज्यों के शासन से अलग है।

केंद्र सरकारी विभागों में इलेक्ट्रिक वाहन के इस्तेमाल के लिए प्रस्ताव पेश करे : न्यायालय

नयी दिल्ली (एजेंसी) उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्र को निर्देश दिया कि वह प्रदूषण कम करने के लिए सरकारी विभागों में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के इस्तेमाल के संबंध में 30 अप्रैल तक एक प्रस्ताव प्रस्तुत करे। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी को अप्रैल के अंत तक प्रस्ताव अदालत के रिकॉर्ड में रखने का निर्देश दिया। भाटी ने सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत को बताया कि दिल्ली में अनुमेय अवधि से पुराने 60 लाख वाहन चल रहे हैं, जबकि एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में यह संख्या 25 लाख है। पीठ ने कहा, अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल ने दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुराने वाहनों के चलने का मुद्दा उठाया है। जब हम वाहन प्रदूषण के मुद्दे पर विचार करेंगे, तब हम इस संबंध में निर्देश जारी करेंगे।

शीर्ष अदालत ने केंद्र को वाहन प्रदूषण पर नियंत्रण रखने के लिए दूर संवेदी तकनीक के उपयोग पर तीन महीने के भीतर अध्ययन पूरा करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा, दूर संवेदी तकनीक से संबंधित मुद्दे पर पुनर्विचार करने के लिए आपका ध्यान आकृष्ट किया जाता है। भारत संघ (केंद्र) ने अध्ययन पूरा करने के लिए 10-12 महीने का समय मांगा है। वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए यह मुद्दा अत्यंत महत्वपूर्ण है।

संक्षिप्त समाचार

एअर इंडिया की दिल्ली-बैंकॉक उड़ान में एक यात्री ने दूसरे यात्री पर पेशाब किया

नयी दिल्ली/मुंबई (एजेंसी) राष्ट्रीय राजधानी से बुधवार को बैंकॉक जा रही एअर इंडिया की उड़ान के दौरान एक यात्री ने एक अन्य यात्री पर कथित तौर पर पेशाब कर दिया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा कि नौ अप्रैल को उसकी दिल्ली-बैंकॉक उड़ान में यात्री के अभद्र व्यवहार की घटना की सूचना मिली और इसकी जानकारी प्राधिकारियों (डीजीसीए) को दे दी गई है। घटना के बारे में पूछे जाने पर नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बुधवार को कहा कि मंत्रालय घटना का संज्ञान लेगा और विमानन कंपनी से बात करेगा। नायडू ने दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान कहा, यदि कोई गलत चीज हुई है तो हम आवश्यक कार्रवाई करेंगे। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, एअर इंडिया इस बात की पुष्टि करती है कि नौ अप्रैल को दिल्ली से बैंकॉक जाने वाली उड़ान के चालक दल के सदस्यों को यात्री के अशोभनीय व्यवहार की सूचना दी गई। विमानन कंपनी ने कहा कि चालक दल ने सभी निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया और मामले की सूचना अधिकारियों को दी गई। प्रवक्ता ने कहा, घटना का आकलन करने तथा संबंधित यात्री के विरुद्ध कार्रवाई (यदि कोई हो) तय करने के लिए स्थायी स्वतंत्र समिति की बैठक बुलाई जाएगी। एअर इंडिया ने यह भी कहा कि वह ऐसे मामलों में नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन करती रहेगी।

भारत ने नौसेना के लिए 26 राफेल-एम जेट की खरीद को मंजूरी दी

नयी दिल्ली (एजेंसी) सरकार ने बुधवार को फ्रांस से करीब 64,000 करोड़ रुपये की लागत से नौसेना के लिए 26 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद को मंजूरी दे दी। रक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इस खरीद परियोजना को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीएस) ने मंजूरी दे दी है। भारत और फ्रांस के बीच अंतर-सरकारी रूपरेखा के तहत अनुबंध पर हस्ताक्षर होने के लगभग पांच साल बाद जेट विमानों की खेप भेजने की शुरूआत होगी। इस सौदे के तहत, भारतीय नौसेना को राफेल (मरीन) जेट विमानों के निमार्ता दसॉल्ट एविएशन से हथियार प्रणालियों और कलपुर्जों सहित संबद्ध सहायक उपकरण भी मिलेंगे।

जुलाई 2023 में, भारत और फ्रांस ने जेट और हेलीकॉप्टर इंजन के संयुक्त विकास सहित कई महत्वपूर्ण रक्षा सहयोग परियोजनाओं की घोषणा की। दोनों रणनीतिक साझेदारों ने अन्य देशों के लिए उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकियों के सह-विकास और सह-उत्पादन में सहयोग करने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की थी।

न्यायमूर्ति संजीव कुमार जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त

नयी दिल्ली (एजेंसी) न्यायमूर्ति संजीव कुमार को बुधवार को जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। कानून मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय के न्यायाधीश कुमार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है, क्योंकि निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश ताशी रबस्तान आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने चार अप्रैल को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अरुण पल्ली को जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की है। किसी उच्च न्यायालय के मौजूदा मुख्य न्यायाधीश की सेवानिवृत्ति और नियमित मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति के बीच, अंतरिम व्यवस्था के रूप में एक कार्यवाहक या कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की जाती है।

हमारा राष्ट्रवाद समाज को जोड़ता है, भाजपा-आरएसएस का छद्म राष्ट्रवाद विभाजनकारी: कांग्रेस

अहमदाबाद(एजेंसी) कांग्रेस ने अपने अधिवेशन में पारित प्रस्ताव में बुधवार को कहा कि उसका राष्ट्रवाद समाज को जोड़ने वाला है, जबकि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का छद्म राष्ट्रवाद लोगों को विभाजित करना चाहता है। पार्टी ने यहां साबरमती नदी के तट पर आयोजित अधिवेशन में पारित प्रस्ताव में राष्ट्रवाद और कई अन्य बिंदुओं को लेकर भाजपा और आरएसएस को घेरा है। प्रस्ताव में कहा गया है, राष्ट्रवाद के मायने देश की भू-भागीय अखंडता तो है ही, पर इस महान भूभाग में रहने वाले लोगों का सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक सशक्तीकरण भी है। कांग्रेस ने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रवाद का अर्थ सभी देशवासियों के लिए समान न्याय की अवधारणा है, वंचितों-पीड़ितों-शोषितों के अधिकारों की रक्षा व उत्थान है, सद्भावना और भाईचारे की डोर में देश को बांधना है तथा भारत के बहुलतावादी और उदारवादी आचार, विचार और व्यवहार से है। उसने दावा किया, कांग्रेस का राष्ट्रवाद समाज को जोड़ने का है। भाजपा-आरएसएस का राष्ट्रवाद समाज को तोड़ने का है। कांग्रेस का राष्ट्रवाद भारत को अनेकता को एकता में पिरोने का है। भाजपा-आरएसएस का राष्ट्रवाद भारत की अनेकता को खत्म करने का है। कांग्रेस ने यह भी कहा कि कांग्रेस का राष्ट्रवाद देश की साझी विरासत में निहित है और भाजपा-आरएसएस का राष्ट्रवाद पूर्वाग्रह से ग्रसित है। उसने आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा, जिन संगठनों ने स्वतंत्रता संग्राम, विशेषतः भारत छोड़ो आंदोलन का विरोध किया, वही आज राष्ट्रवाद के प्रमाण पत्र बाँटने का ठेका लिए हुए हैं। कांग्रेस के प्रस्ताव में आरोप लगाया गया है कि भाजपा-आरएसएस का छद्म राष्ट्रवाद सिर्फ सत्ता का अवसरवाद है। उनकी प्राथमिकता राष्ट्रीयता नहीं, सिर्फ सत्ताप्रियता है। वो सत्ता को हथियाने व

बरकरार रखने के लिए देश को धर्म, जाति, क्षेत्रवाद, भाषा, पहनावा, तथा खान-पान में बाँट रहे हैं। मुख्य विपक्षी दल ने कहा, त्याग, बलिदान, बहुलतावाद, व उदारवाद का कांग्रेस का रास्ता ही भारतीय राष्ट्रवाद है।

वक्फ संशोधन अधिनियम धर्म की स्वतंत्रता पर हमला और संविधान विरोधी : राहुल

अहमदाबाद (एजेंसी) कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया कि संसद से पारित वक्फ संशोधन अधिनियम धर्म की स्वतंत्रता पर हमला और संविधान विरोधी कदम है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि आने वाले समय में दूसरे अल्पसंख्यक समुदायों को भी निशाना बनाया जाएगा। उन्होंने यहां पार्टी के अधिवेशन को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि देश की जनता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से तंग आ चुकी है और अब बदलाव होने वाला है।

राहुल गांधी ने कहा, ₹वक्फ विधेयक (अधिनयम) धर्म की स्वतंत्रता और संविधान पर हमला है। यह संविधान विरोधी है।₹ उन्होंने दावा किया कि आरएसएस से जुड़ी पत्रिका 'आगेर्नाइजर' में ईसाइयों की भूमि को निशाना बनाने की बात की गई है तथा आगे सिख समुदाय के साथ भी ऐसा होगा।

राहुल गांधी ने दावा किया देश भारतीय जनता पार्टी से तंग आ गया है और बिहार के विधानसभा चुनाव में यह दिखेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, ₹आने वाले समय में बदलाव होने वाला है, लोगों का मूड दिख रहा है।₹ उनके द्वारा संसद में भी जाति जनगणना की मांग उठाए जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि तेलंगाना में जातिगत सर्वेक्षण के रूप में क्रांतिकारी कदम उठाया गया है। राहुल ने कहा, यह पता लगाना मकसद है कि कितनी किसकी भागीदारी है। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) ने जाति जनगणना से साफ इनकार कर दिया है। उन्होंने इस बात को दोहराया कि केंद्र में कांग्रेस और विपक्ष की सरकार आने पर जाति जनगणना कराई जाएगी।

साथ ही कांग्रेस नेता ने कहा कि निजी क्षेत्र में देश की 90 फीसदी आबादी की भागीदारी ना के बराबर है। उन्होंने कहा कि आरक्षण की 50 फीसदी की दीवार को तोड़ा जाएगा।

भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर संस्थाओं को निशाना बनाने का आरोप लगाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के लिए दरवाजे बंद कर रहा है। राहुल गांधी ने अग्निपथ योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि गरीबों, दलितों, आदिवासियों के लिए सेना में जाने के अवसर खत्म कर दिए गए हैं।

दिल्ली दंगे : कपिल मिश्रा के खिलाफ आगे की जांच के आदेश पर 21 अप्रैल तक रोक

नयी दिल्ली (एजेंसी) राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने बुधवार को फरवरी 2020 के दंगों में कथित भूमिका के लिए दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ आगे की जांच के आदेश पर 21 अप्रैल तक रोक लगा दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने मजिस्ट्रेट अदालत के फैसले के खिलाफ मिश्रा की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह रोक लगाई।

अदालत ने शिकायतकर्ता मोहम्मद इलियास को भी नोटिस जारी किया और उन्हें 21 अप्रैल तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) वैभव चौरसिया ने एक अप्रैल को कहा था कि प्रथम दृष्टया यह एक संज्ञेय

अपराध है जिसकी जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट है कि मिश्रा कथित अपराध के समय इलाके में ही थे। आगे की जांच की आवश्यकता है।

एसीजेएम यमुना विहार निवासी मोहम्मद इलियास द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें मिश्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया गया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने यूनुस के साथ मुलाकात के दौरान बांग्लादेश में कट्टरपंथ का मुद्दा उठाया : जयशंकर

नयी दिल्ली (एजेंसी) विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस के बीच हुई बैठक में भारत ने पड़ोसी देश को, उसके यहां अल्पसंख्यकों पर हमलों और कट्टरपंथ को लेकर अपनी चिंताओं से अवगत कराया था।

जयशंकर ने बांग्लादेश में नए सिरे से चुनाव कराने के लिए भारत के प्रयास को रेखांकित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के लिए चुनाव आवश्यक हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमसे अधिक कोई अन्य देश बांग्लादेश का बेहतर शुभचिंतक नहीं हो सकता। बांग्लादेश में पिछले साल अगस्त में बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद शेख हसीना सरकार का पतन हो गया था। उस घटना के बाद मोदी और यूनुस की बैंकाक में पहली बार मुलाकात हुई थी। जयशंकर ने न्यूज 18 राइजिंग भारत शिखर सम्मेलन में कहा, मुझे लगता है कि बैठक में हमारी ओर से जो मुख्य संदेश सामने आया, वह यह है कि ऐतिहासिक कारणों से बांग्लादेश के साथ हमारा रिश्ता बहुत ही अनोखा है। यह मूल रूप से लोगों से लोगों का जुड़ाव है। उन्होंने कहा, बांग्लादेश के लिए हमसे अधिक कोई अन्य देश बेहतर की कामना नहीं करता; यह हमारे डीएनए में है। एक शुभचिंतक और मित्र के रूप में, मैं आशा करता हूं कि वे सही रास्ते पर चलें और सही काम करें।

राहत शहरी क्षेत्र में पुरुष बेरोजगारी 6.0 प्रतिशत से बढ़कर 6.1 प्रतिशत हो गई लेकिन महिला बेरोजगारी 8.9 प्रतिशत से घटकर 8.2 प्रतिशत रह गई

पिछले साल बेरोजगारी दर मामूली रूप से घटकर 4.9 प्रतिशत पर आई: सरकारी सर्वेक्षण

नयी दिल्ली (एजेंसी) कैलेंडर वर्ष 2024 में 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों में बेरोजगारी दर वर्ष 2023 के पांच प्रतिशत से घटकर 4.9 प्रतिशत पर आ गई। बुधवार को जारी आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) में यह जानकारी दी गई।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बयान में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र बेरोजगारी में मामूली गिरावट (4.3 प्रतिशत से घटकर 4.2 प्रतिशत) आई है, जिसमें पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए मामूली नरमी है। शहरी क्षेत्र में पुरुष बेरोजगारी 6.0 प्रतिशत से बढ़कर 6.1 प्रतिशत हो गई लेकिन महिला बेरोजगारी 8.9 प्रतिशत से घटकर 8.2 प्रतिशत रह गई। इससे समग्र शहरी बेरोजगारी दर 6.7 प्रतिशत पर स्थिर रही।

अखिल भारतीय स्तर पर कैलेंडर वर्ष

2024 में बेरोजगारी दर मामूली गिरावट के साथ 4.9 प्रतिशत रही जबकि वर्ष 2023 में यह 5.0 प्रतिशत थी। यह रोजगार के अवसरों में मामूली सुधार को दशार्ता है।

बयान में कहा गया है कि घरेलू कंपनियों में अवैतनिक सहायकों की संख्या में कमी आने से ग्रामीण महिलाओं के बीच डब्ल्यूपीआर (श्रमिक जनसंख्या अनुपात) के साथ एलएफपीआर (श्रम बल भागीदारी अनुपात) में भी गिरावट आई है। घरेलू उद्यमों में सहायकों का प्रतिशत 2023 के 19.9 प्रतिशत से घटकर 2024 में 18.1 प्रतिशत रह गया।

सभी श्रेणियों में विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में समग्र डब्ल्यूपीआर (47.0 प्रतिशत से बढ़कर 47.6 प्रतिशत) में मामूली सुधार देखा गया, जबकि अखिल भारतीय स्तर पर समग्र डब्ल्यूपीआर अपेक्षाकृत अपरिवर्तित (53.4 प्रतिशत से बढ़कर 53.5 प्रतिशत) रहा।

शहरी क्षेत्रों में पुरुषों के लिए एलएफपीआर में वृद्धि (2023 में 74.3 प्रतिशत से 2024 में 75.6 प्रतिशत) हुएई और महिलाओं के लिए थोड़ी वृद्धि (25.5 प्रतिशत से 25.8 प्रतिशत) हुई, जिससे एलएफपीआर में समग्र वृद्धि (50.3 प्रतिशत से 51.0 प्रतिशत) हुई।

एलएफपीआर का मतलब जनसंख्या के उस प्रतिशत से है जो या तो कार्यरत है या रोजगार की तलाश में है। बयान के मुताबिक, विभिन्न श्रेणियों में मामूली भिन्नताओं के बावजूद समग्र एलएफपीआर 56.2 प्रतिशत पर स्थिर रहा।

संपादकीय

तार्किक हो पेट्रोलियम पदार्थों में मूल्य वृद्धि



ऐसे वक्त में जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के तुगलकी फैसलों से दुनिया की अर्थव्यवस्था हिचकौले खा रही है, देश में बढ़ी महंगाई के बीच रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि कोढ़ में खाज जैसी ही है। निस्संदेह, सरकार का कोई भी फैसला देश के व्यापक व दूरगामी लक्ष्यों को लेकर होता है। वैसे भी पेट्रोलियम पदार्थों पर लगने वाले विभिन्न कर केंद्र व राज्य सरकारों की आर्थिकी के लिये प्राणवायु जैसे होते हैं। लेकिन सरकारों को राजस्व जुटाने के लिये वैकल्पिक रास्ते तलाशने चाहिए। उन मदों में समय-समय पर वृद्धि करना, जो पहले से ही लोगों पर भार डाल रहे हों, सुशासन की दृष्टि से तर्कसंगत नजर नहीं आता। निस्संदेह, बढ़ती महंगाई के बीच पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस की कीमतें लोगों का बजट बिगाड़ रही हैं। सरकार के तमाम मौद्रिक उपाय महंगाई पर काबू पाने में सफल नहीं हो सके हैं। कोरोना संकट के बाद आम आदमी की आय में अपेक्षित वृद्धि भी नहीं हो पायी है। इससे जीवन-यापन कठिन होता जा रहा है। ये तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि लोकसभा व विधानसभा चुनावों के दौरान तेल का खेल होता रहा है। पिछले लोकसभा चुनाव व उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम पदार्थों पर उत्पाद शुल्क में कमी की थी। हाल में फिर उसमें वृद्धि कर दी गई है। वैसे तो सरकार को भी पता है कि पेट्रोलियम पदार्थों व रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि से महंगाई की एक श्रृंखला पैदा होती है। लेकिन लगता है कि टैरिफ युद्ध से भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले नुकसान की भरपाई सरकार पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत बढ़ाकर करना चाहती है। यूं तो हम अपने प्रत्यक्ष लाभ-हानि को दृष्टिगत रखते हैं, जबकि सरकार को व्यापक दृष्टिकोण के साथ दूरगामी फैसले लेने होते हैं। वैसे नागरिकों के हित राष्ट्रहित से अलग नहीं हो सकते। लेकिन फिर भी ऐसे फैसले लेते वक्त संवेदनशील दृष्टि अपनाना जरूरी है। वहीं दूसरी ओर विपक्ष केंद्र सरकार के फैसले को एक अवसर के रूप में देखकर हमलावर हुआ है। उसकी दलील है कि केंद्र का पेट्रोलियम पदार्थों में मूल्यवृद्धि का फैसला तार्किक नहीं है। ऐसे वक्त में जब अंतर्राष्ट्रीय तेल बाजार में कच्चे तेल की कीमतें गिरी हैं, तो इस मूल्य वृद्धि का क्या औचित्य है। यह भी कि सरकार जब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का बोझ जनता के कंधे पर डाल देती है, तो कीमतें घटने का लाभ भी तो उसे मिले। सरकार की दलील है कि पेट्रोल व डीजल पर उत्पाद शुल्क बढ़ाया तो है लेकिन बोझ जनता पर नहीं पड़ेगा। सरकार के अनुसार पेट्रोल-डीजल की कीमतें नहीं बढ़ेंगी। मगर लोगों की चिंता है कि देर-सवेर सरकार पेट्रोल-डीजल के दामों में पिछले दरवाजे से वृद्धि कर सकती है। तेल कंपनियां भी कब तक बढ़े उत्पाद शुल्क वहन करेंगी। वैसे भी सरकारें अपने बजट को संतुलित करने के लिये गाहे-बगाहे पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में बदलाव करती रही हैं। हालांकि, सरकार को पता है कि तेल की कीमतें बढ़ने से महंगाई की नई श्रृंखला पैदा हो जाती है। माल-भाड़े में वृद्धि से दैनिक उपभोग की वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हो जाती है। डीजल के दामों से वृद्धि से खेती की लागत बढ़ती है, जिससे अनाज की महंगाई बढ़ती है। लेकिन लगता है कि महंगाई की तुलना में टैरिफ प्रभावों को संतुलित करना सरकार की पहली प्राथमिकता है।

भाजपा के 46वें स्थापना दिवस पर पार्टी के संस्थापकों को किया याद

आज 13.5 करोड़ से अधिक देशवासी भाजपा की नीतियों और सिद्धांतों से जुड़ चुके हैं: विधायक राजीव तरारा

» सब का सपना संवाददाता

गजरौला: ग्राउंड प्लाजा में आयोजित सक्रिय सदस्य सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा ने सम्मिलित होकर कार्यकताओं को संबोधित किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक राजीव तरारा ने कहा यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि आज 13.5 करोड़ से अधिक देशवासी भाजपा की नीतियों और सिद्धांतों से जुड़ चुके हैं तथा 10 लाख से अधिक सक्रिय कार्यकर्ता विकसित भारत के निर्माण हेतु निरंतर परिश्रमरत हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते एक दशक में देश ने विकास के अनेक नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। उनकी जनकल्याणकारी नीतियों ने समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है।

सम्मेलन के दौरान सभी कार्यकताओं ने एकजुट होकर 'विकसित भारत' के संकल्प को पुनः दोहराया तथा इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भाजपा उदयगिरि गोस्वामी, जिला महामंत्री चंद्रभान भाटी, जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर सोरन सिंह, जिला मंत्री राजीव चौहान जी मंडल अध्यक्ष शेरपुर कपिल बढ़ाना, मंडल अध्यक्ष बछरायु रोहित आर्य, मंडल अध्यक्ष गजरौला सुनील गुप्ता, जिला अध्यक्ष २ मोर्चे राम रतन, पूर्व मंडल अध्यक्ष उत्तम, शुभम, गीतेश अग्रवाल, मंडल प्रभारी सतबीर, कार्यक्रम संयोजक सतपाल पाल, युवा भाजपा नेता अकुर नागर, सहसंयोजक उधम सिंह, जितेंद्र सैनी, सुरेंद्र सैनी, प्रदेश कार्यकारिणी संघ सदस्य महिला मोर्चा शशि चौहान, ओबीसी मोर्चा क्षेत्र महामंत्री महेंद्र प्रजापति सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं समर्पित कार्यकर्ता साथीगण उपस्थित रहे।

मंदबुद्धि महिला ने इंदिरा चौक पर जमकर किया हंगामा

दर्जनों वाहनों के ईट व पत्थर से तोड़े शीशे

» सौरभ गोस्वामी/सब का सपना

गजरौला: औद्योगिक नगरी गजरौला में मंगलवार दोपहर को एक मंदबुद्धि महिला ने इंदिरा चौक पर जमकर हंगामा मचाया। महिला ने अचानक चौराहे से गुजर रहे वाहनों पर ईंट-पत्थर फेंकने शुरू कर दिए।इस हमले में करीब 12 गाड़ियों के शीशे टूट गए। महिला की इस हरकत से चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीर भागने लगे और चौराहे पर यातायात जाम की स्थिति बन गई।मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने भी महिला को रोकने का प्रयास नहीं किया। महिला ने लगभग आधे घंटे तक इस तरह का व्यवहार जारी रखा। इसके बाद वह खुद ही वहां से चली गई।घटना के दौरान कई राहगीर बाल-बाल बच गए। हालांकि किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है।

चैत्र माह के चौथे मंगलवार को मां ललिता देवी मंदिर पर श्रद्धालुओं की बेहिसाब भीड़ उमड़ी

» सौरभ गोस्वामी/सब का सपना

गजरौला: चैत्र माह के चौथे मंगलवार को मां ललिता देवी के दर्शन को श्रद्धालुओं की रैला उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने दरबार में फूल प्रसाद चढ़ाया एवं माथा टेक कर सुख समृद्धि की कामना की। बच्चों के मुंडन संस्कार भी करवाए गए।

गजरौला शहर में स्थित सिद्धपीठ मां ललिता देवी मंदिर पर चैत्र माह के चौथे मंगलवार को श्रद्धालुओं के बेहिसाब भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह में सूर्योदय के समय मंदिर गर्भगृह के कपाट जैसे ही खोले गए तो माता के दर्शन को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से दोपहर बाद तक माता के दरबार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। धक्का मुक्की के बीच श्रद्धालुओं दरबार में पहुंचे और माता रानी के दर्शन कर फूल प्रसाद, अनाज आदि अर्पित किया। वहीं बहुत से श्रद्धालुओं ने नौनिहालों के मुंडन संस्कार कराकर दरबार में बच्चों का माथा टिकवाया। नवविवाहित दंपतियों ने भी शादी के जोड़े में माता रानी के दरबार में हाजरी लगा दाम्पत्य जीवन की खुशहाली को प्रार्थना की। सुरक्षा के लिहाज से मंदिर एवं मेला परिसर में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

रिजल्ट मिलते ही खिले बच्चों के चेहरे

» सौरभ गोस्वामी/सब का सपना

गजरौला: गंगा धाम तिगरी स्थित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय तिगरी में सभी छात्र-छात्राओं को रिजल्ट कार्ड और होलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड का वितरण किया गया। रिजल्ट कार्ड मिलते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय को समस्त स्टाफ ने मिलकर बहुत ही सुन्दर सजाया था। काफी संख्या में अभिभावक भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। प्रत्येक कक्षा में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही प्रत्येक कक्षा में स्वच्छता अनुशासन और सर्वाधिक उपस्थिति के लिए भी छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समस्त विद्यालय स्टाफ को भी प्रधानाध्यापकऔर एस एम सी अध्यक्ष ने मेहनत और लगन से कार्य करने लिये पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया।प्रधानाध्यापक डॉ0 जोगिन्द्र सिंह, एस एम सी अध्यक्ष रीनू यादव व समस्त स्टाफ ने बच्चों और उनके अभिभावकों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। डॉ जोगिन्द्र सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित सभी अभिभावकों से कहा कि सभी अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें। घर पर किसी भी कार्य से बच्चों को एक दिन भी स्कूल से न रोकें क्योंकि एक दिन स्कूल न आने से बच्चे की कई दिन की पढ़ाई प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि जो बच्चे रोजाना स्कूल आते हैं और उनके अभिभावक घर पर भी बच्चों पर ध्यान देते हैं वो बच्चे पढ़ाई में बाकी बच्चों से आगे रहते हैं। इसलिए प्रतिदिन सभी बच्चों को स्कूल भेजना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने अपनी कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आए बच्चों का भी उत्साहवर्धन किया। और बाकी बच्चों को भी उनकी तरह पढ़ाई करने के लिए मोटिवेट किया। उन्होंने कहा कि जरूरी नहीं है कि आप प्रथम स्थान पर आओ लेकिन मन लगाकर मेहनत करो। उन्होंने समस्त स्टाफ की भी मेहनत और लगन से कार्य करने के लिए सराहना की।

आज परीक्षाफल में कक्षा 1 में परिधि प्रथम, लव द्वितीय और दीपिका तृतीय, कक्षा 2 में वंश प्रथम, आंचल द्वितीय और वासु तृतीय, कक्षा 3 में गौरव प्रथम शिवन्या द्वितीय और रुही तृतीय कक्षा चार में सृष्टि प्रथम, वंश द्वितीय और सुहानी तृतीय, कक्षा 5 में अंजलि प्रथम, श्याम द्वितीय और साहिबा तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार स्वच्छता में कक्षा एक में अनम, कक्षा दो में अभय, कक्षा 3 में आराध्या, कक्षा 4 में प्रतिभा और कक्षा 5 में नेहा प्रथम स्थान पर रहे। अनुशासन में कक्षा एक में जितेंद्र, कक्षा 2 में कंचन, कक्षा 3 में दीपशिखा, कक्षा चार में शगुन और कक्षा 5 में अदनान प्रथम स्थान पर रहे। सर्वाधिक उपस्थिति में कक्षा एक में आरिस, कक्षा 2 में गोलू, कक्षा 3 में इति, कक्षा 4 में प्रियांशी और कक्षा 5 में गौरव प्रथम स्थान पर रहे। इस अवसर पर विद्यालय की एमसी अध्यक्ष रेनू यादव, सहायक अध्यापक शीला देवी, मोनिका कालियर, पुष्पलता, चित्रा शर्मा, ज्योति, उर्वशी, शिक्षामित्र पुष्पा यादव, लक्ष्मी रानी और अर्चना त्यागी आदि उपस्थित रहे।

परिवार को जान का खतरा बताते हुए क्षेत्राधिकारी को दी गई तहरीर

» सब का सपना

सम्भल: नजारुल पुत्र अजमेरी हुसैन निवासी ग्राम मौहम्मदपुर टांडा, थाना कोतवाली सम्भल ने एक प्रार्थना पत्र क्षेत्राधिकारी सम्भल को दिया जिसमें नजारुल ने कहा कि मैं जिला सम्भल का स्थायी निवासी हूँ। मैं कल रात्रि 08.04.25 समय लगभग 08:30 बजे अपने घर से पेहरा में अपने परिवार की औरतों के साथ दावत खाने गया था। जैसे ही मैं दावत खाकर वापस हुआ तभी गांव मौ०पुर टांडा पेहरा निवासी कुछ दबंग और उनके परिवार के कुछ लडकों ने मेरी गाड़ी के आगे पीछे घेरकर मुझे पकडने का प्रयास किया और जानलेवा हमला करने की कोशिश की। पूर्व में भी अपनी बाईक से अपने चाचा के पास हिण्डौली रोड पर जा रहा था तभी पीछे से कथित दबंगों व उनके ड्राइवर ने पीछे से मेरे ऊपर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया और मैं बाल बाल बचा जिसका मेरे पास सी. सी.टी.वी. द्वारा निकलवायी गयी फुटेज भी है।

मैं कुछ समझ पाता इतने में गाडी में बैठी मेरे परिवार की औरतों ने शोर मचा दिया। तभी मैं अपनी

गाडी को वहाँ से तेज गति से लेकर आया। दबंग ग्राम प्रधान है जो कि अपने विरोधी लोगों को अपने भटटे पर बुलाकर या रास्ते में पकडवाकर मारने पीटने का काम करते हैं मेरे पास आडियों व पुख्ता सबूत हैं। मेरे और मेरे परिवार को जान का भय बना हुआ है।

उसने कहा कि या तो मुझे न्याय मिले नहीं तो मैं गांव से पलायन करने के लिए भी तैयार हूं।

जिलाधिकारी ने किया कर करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा

अभियान चलाकर लक्ष्य के सापेक्ष वसूली कराये जाने के दिऐ निर्देश

» सब का सपना संवाददाता

अमरोहा: आज जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली की समीक्षा की गई । वैठक के अवसर पर जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर, वाहन कर, आबकारी विभाग, सिंचाई, विद्युत, मण्डी, परिवहन कर सहित अन्य विभागों की राजस्व वसूली की समीक्षा कर कम राजस्व वसूली वाले विभागों को वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिये। वाणिज्य स्टाम्प रजिस्ट्रेशन विद्दुत खनन मंडी गत वर्ष के सापेक्ष प्रवर्तन की कार्यवाही तथा कम वसूली पर लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति किये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रवर्तन की कार्यवाही सतत चलती रहनी चाहिए यह सुनिश्चित करें ।

जिलधिकारी ने कहा कि प्रत्येक विभाग को जो लक्ष्य आवंटित किया गया है उसके सापेक्ष अभियान चला कर वसूली कराई जाए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए । अपेक्षित लक्ष्य सापेक्ष किसी भी स्थिति में वसूली कम ना हो ।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने तहसील में उपजिलाधिकारियों द्वारा किये जाने वाले कार्यों की समीक्षा भी किया । जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक तहसील को लक्षित तालाबों का चिन्हित कर कब्जा मुक्त कर खुदाई का कार्य प्रारम्भ कराया जाय । जिलाधिकारी ने एन्टी भू माफिया पोर्टल की समीक्षा कर प्रभाई कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये । कहा अंश संशोधन के लंबित प्रकरणों पर प्राथमिकता से कार्यवाही हो ।

तहसील न्यायालय में लंबित वादों का निस्तारण प्राथमिकता से कराएं उपजिलाधिकारी

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों से धारा 67 ,34 और 116 के न्यायालय में चल रहे वादों की समीक्षा भी किया । वादों के निस्तारण प्राथमिकता से लक्ष्य लेकर और समय निकाल कर कोर्ट केस सुनने और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये । जिलाधिकारी ने कहा कि धारा 67 ,24 ,34 ,116 , के और पुराने केस किसी भी तहसील में लंबित न रहे अभियान चलाकर निस्तारण करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक तहसील के लेखपाल एक दैनिक डायरी बनाया जाए जिसमे उसका प्रतिदिन का लेखा जोखा कार्य विवरण भरा जाएगा, जिसकी समीक्षा थाना दिवस में उपजिलाधिकारी द्वारा किया जाए। वैठक के अवसर पर अपर जिलधिकारी वित्त एवं राजस्व ब्रजेश त्रिपाठी न्यायिक माया शंकर यादव उपजिलाधिकारी हसनपुर अमरोहा नौगांवा सहित अन्य कर करेत्तर से सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

अयोध्या में भगवान श्रीराम को टेंट से निकाल कर भव्य सुन्दर मंदिर बनाया: सुगंधा सिंह

» हनी चन्द्रा/सब का सपना

चंदौसी/सम्भल। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष में राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे विविध कार्यक्रमों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के चंदौसी विधानसभा में उत्तर प्रदेश स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री माध्यमिक शिक्षा विभाग गुलाब देवी के मार्गदर्शन में चंदौसी नगर स्थित संजीवनी पैलेस में सक्रिय सदस्य सम्मेलन आयोजित किया गया

इस सक्रिय सदस्य सम्मेलन में चंदौसी विधानसभा के चंदौसी नगर, बहजोई नगर, बहजोई देहात, बनिया खेड़ा मंडल, नरौली मंडल और छाबड़ा मंडल के सभी सक्रिय सदस्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आज के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती गुलाब देवी ने डॉ0 श्याम प्रसाद मुखर्जी, पं0दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता की प्रतिमाओं पर फूल माला पहनाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 वर्षों मे विकसित भारत की यात्रा केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि भारत के गत ग्यारह वर्ष अनेक विशिष्ट परिवर्तन से गुजरे हैं। उन्होंने कहा कि 2014 का इतिहास अनेकानेक वर्षों तक याद किया जायेगा जब भारतवर्ष के पटल पर सांस्कृतिक एवं राष्ट्रवादी पुनर्जागरण की मिशाल जलने लगी। जब 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सत्ता में आई तो मोदी जी ने गत एक दशक से थोड़े ही अधिक समय में हम सभी को गौरवान्वित किया। उन्होनें बताया कि उज्जवला योजना से भारत की करोड़ों माताओं और बहनों को 9 करोड़ से अधिक एलपीजी कनैक्शन निशुल्क वितरित किये गये।अपने उदबोधन के अंत मे उन्होंने चन्दौसी विधानसभा से आये सभी सक्रिय सदस्यों एवं कार्यकताओं का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि आप सभी भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ की हड्डी है आप सभी के सहयोग के कारण आज देश विकास की लहर के साथ विश्व के शिखर पर विराजमान है सभी देश भारत वर्ष का लोहा मान रहा है। संभल जिले के यशस्वी जिलाध्यक्ष चौधरी हरेन्द्र सिंह रिंकू ने भाजपा का चुनावी एवं संगठन विस्तार पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज 45 वर्ष के बाद पार्टी केन्द्र के अलावा 20 से अधिक राज्यों में सस्वयं सत्ता में है या अपने सहयोगी दलों के साथ सरकार चला रही है। भाजपा का केन्द्रीय नेतृत्व मानता है कि अभी भाजपा का विस्तार होना शेष है। नरेन्द्र मोदी-अमित शाह की जोड़ी ने पार्टी को शिखर पर पहुँचाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए हर चुनाव एक युद्ध है। आज भाजपा भारत की सबसे खास, सबसे बड़ी एवं सबसे प्रभावशाली राजनीतिक पार्टी है। इसीलिए भाजपा गर्व से दावा करती है कि सदस्यता के हिसाब से वह विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है ब्लॉक प्रमुख सुगंधा सिंह ने कहा कि मुद्रा योजना के तहत 65 प्रतिशत से अधिक लोन महिला उद्यमियों को प्रदान किये गये। योगी जी की सरकार में ही अयोध्या में भगवान श्रीराम को टेंट से निकालकर भव्य सुन्दर मंदिर में विराजमान किया जाना एक बड़ी उपलब्धि है। काशी विश्वनाथ एवं महाकाल कॉरिडोर ने एक सुव्यवस्थित व्यवस्था दी। महाकुम्भ 2025 के सफल आयोजन ने जहाँ पूरे विश्व को हतप्रभ किया, वहीं देश की सांस्कृतिक चेतना को जाति धर्म से परे उठाकर उसमें नई जान फूंकी। उन्होनें कहा कि मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया जैसी योजनाओं से हुए लाभ से तो सभी परिचित हैं परन्तु जब हम ध्यान से विश्लेषण करें तो इन योजनाओं से देश के स्वावलंबन को मजबूत करने के साथ ही वैश्विकता के दौर में भी आर्थिक राष्ट्रवाद का बिगुल बजाया है। जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव ने कहा कि मोदी के ये ग्यारह साल जमीन से आसमान तक बेमिसाल हैं। उनके ये ग्यारह साल धाक, साख, सम्मान और राष्ट्र वैभव के हैं। वे गरीबों के मसीहा हैं और राष्ट्रनायक हैं। सम्मेलन की अध्यक्षता पूर्व जिला महामंत्री इंद्रपाल सिंह चौहान ने संचालन जिला उपाध्यक्ष एड मनोज कठेरिया ने किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव, पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह, साध्वी गीता प्रधान, ब्लॉक प्रमुख डॉ सुगंधा सिंह, अंकित जैन, पालिकाध्यक्ष राजेश शंकर राजू, मंजू दिलेर, ओमवीर सिंह खडगवंशी, डॉ टीएस पाल, सतीश अरोरा, अंकुर अग्रवाल, ललित मोहन शर्मा, अभिनव शर्मा, गिर्राज मौर्य, हरवेश सिंह, शुभम अग्रवाल, देवेंद्र गुप्ता मोनू, विजय यादव, चंद्रसेन दिवाकर, विकास वार्ष्णेय, राजकुमार यादव, राजश्री अग्रवाल, धीरेंद्र यादव, हृदेश राणा, गिरीश रतन, तरुण नीरज, अमन कोरी, मोहित दिवाकर, रिंकू दिवाकर, आकाश आहूजा, राजकुमार ठाकरे, शीनू गुप्ता, बबिता शर्मा, पुष्पलता पाल, सुधीर मल्होत्रा, मनोज दिवाकर, शरद शर्मा, डॉ अमित वार्ष्णेय, महावीर सिंह, ओमेंद्र सिंह कमल कुमार कमल, यश मदान, आलोक शाक्य, ऋषभ रस्तोगी, अनुज उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत सीकरी भूड़ , वि.खं हसनपुर, जनपद अमरोहा

पत्रांकः मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा कुटेशन/2025–26 दिनांक – 10.04.2025

अल्पकालीन निविदा–कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सीकरी भूड़ वि० ख० हसनपुर जनपद अमरोहा में वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025–26 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ प्लस एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/ गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/ कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 10/04/2025 से 16/04/2025 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 05 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/ कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 17/04/2025 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 03:00 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/ कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत मे उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/ पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पीडीडब्ल्यू की दरों के अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति मे भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। नोटः निविदा प्रपत्र का विक्रय मूल्य 400 रु. है।

क.स.	सामग्री का नाम	मात्रा	दर
1	सीमेंट	प्रति वैग	
2	बालू रेत/लोकल रेल	घन मी.	
3	बजरफुट	घन मी.	
4	20 एम.एम. बजरी	घन मी.	
5	40 एम.एम. बिक ब्लास्ट	घन मी.	
6	ईंट प्रथम श्रेणी एम–150	प्रति हज़ार	
7	ईंट बालदार एम–275	प्रति हजार	
8	सी.सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एम. एम. सफेद	प्रति नग (एक)	
9	सी.सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एम. एम. रंगीन	प्रति नग (एक)	
10	दीवार टाइल्स	वर्ग मीटर	
11	फर्श टाइल्स	प्रति वर्ग मीटर	
12	सरिया/डोर माईल्डस	प्रति कुंतल	
13	लोहे का जाल	प्रति कुंतल	
14	मिटटी दूरी सहित कार्टेज मिट्टी	प्रति घन मीटर	
15	आफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर प्रिन्टर, इन्वेंटर, बैटरी सोसी टी.बी.		
	कैमरा, अलमानी, दरी, पंखा, डेस्कटॉप, सोलर पैनल, आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री	प्रति नग	
16	लकड़ी के दरवाजे / कामर्शियल/टेम्बर/प्लाई	प्रति घन मीटर	
17	बाल पेटिंग	प्रति वर्ग मोटर	
18	सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग	
19	सैनेट्री सामग्री/ सफाई किट	प्रति नग	
20	बिजली उपकरण/विद्युत मोटर	प्रति नग	
21	लोहे का फेन्सिंग तार	प्रति किग्रा.	
22	आयरन एगिल, टीनशेड	प्रति किग्रा.	
23	फोगिंग मशीन / स्प्रे मशीन	प्रति नग	
24	आर.सी.सी. बेंच	प्रति नग	
25	डस्टबिन, प्लास्टिक बैंक	प्रति नग	
26	स्ट्रीट एल.ई.डी. लाईट 45 वाट/सोलर लाईट	प्रति नग	
27	कीट नाशक/बिल्डिंग पाउडर/ हाइपोक्लोराइड	प्रति किग्रा./ली.	
28	फर्नीचर स्कूल बेच कम्पलीट	प्रति नग	
29	पेन्ट/डिस्टेम्पर / प्राईमर लकड़ी/लोहा	प्रति लीटर	
30	प्राईमर लोहा लकड़ी	प्रति लीटर	
31	शौचालय शीट/यूरिन शीट	प्रति नग	
32	हैण्डपम्प रिबोर / नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग / फिट	

सचिव
ग्राम पंचायत– सीकरी भूड़
वि .ख . हसनपुर, जनपद अमरोहा

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत– सीकरी भूड़
वि .ख . हसनपुर, जनपद अमरोहा

कार्यालय ग्राम पंचायत चौकूनी , वि.खं हसनपुर, जनपद अमरोहा

पत्रांकः मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा कुटेशन/2025–26 दिनांक – 10.04.2025

अल्पकालीन निविदा–कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चौकूनी वि० ख० हसनपुर जनपद अमरोहा में वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025–26 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ प्लस एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/ गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/ कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 10/04/2025 से 16/04/2025 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 05 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/ कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 17/04/2025 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 03:00 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/ कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत मे उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/ पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पीडीडब्ल्यू की दरों के अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति मे भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। नोटः निविदा प्रपत्र का विक्रय मूल्य 400 रु. है।

क.स.	सामग्री का नाम	मात्रा	दर
1	सीमेंट	प्रति वैग	
2	बालू रेत/लोकल रेल	घन मी.	
3	बजरफुट	घन मी.	
4	20 एम.एम. बजरी	घन मी.	
5	40 एम.एम. बिक ब्लास्ट	घन मी.	
6	ईंट प्रथम श्रेणी एम–150	प्रति हज़ार	
7	ईंट बालदार एम–275	प्रति हजार	
8	सी.सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एम. एम. सफेद	प्रति नग (एक)	
9	सी.सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एम. एम. रंगीन	प्रति नग (एक)	
10	दीवार टाइल्स	वर्ग मीटर	
11	फर्श टाइल्स	प्रति वर्ग मीटर	
12	सरिया/डोर माईल्डस	प्रति कुंतल	
13	लोहे का जाल	प्रति कुंतल	
14	मिटटी दूरी सहित कार्टेज मिट्टी	प्रति घन मीटर	
15	आफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर प्रिन्टर, इन्वेंटर, बैटरी सोसी टी.बी.		
	कैमरा, अलमानी, दरी, पंखा, डेस्कटॉप, सोलर पैनल, आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री	प्रति नग	
16	लकड़ी के दरवाजे / कामर्शियल/टेम्बर/प्लाई	प्रति घन मीटर	
17	बाल पेटिंग	प्रति वर्ग मोटर	
18	सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग	
19	सैनेट्री सामग्री/ सफाई किट	प्रति नग	
20	बिजली उपकरण/विद्युत मोटर	प्रति नग	
21	लोहे का फेन्सिंग तार	प्रति किग्रा.	
22	आयरन एगिल, टीनशेड	प्रति किग्रा.	
23	फोगिंग मशीन / स्प्रे मशीन	प्रति नग	
24	आर.सी.सी. बेंच	प्रति नग	
25	डस्टबिन, प्लास्टिक बैंक	प्रति नग	
26	स्ट्रीट एल.ई.डी. लाईट 45 वाट/सोलर लाईट	प्रति नग	
27	कीट नाशक/बिल्डिंग पाउडर/ हाइपोक्लोराइड	प्रति किग्रा./ली.	
28	फर्नीचर स्कूल बेच कम्पलीट	प्रति नग	
29	पेन्ट/डिस्टेम्पर / प्राईमर लकड़ी/लोहा	प्रति लीटर	
30	प्राईमर लोहा लकड़ी	प्रति लीटर	
31	शौचालय शीट/यूरिन शीट	प्रति नग	
32	हैण्डपम्प रिबोर / नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग / फिट	

सचिव
ग्राम पंचायत–चौकूनी
वि .ख . हसनपुर, जनपद अमरोहा

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–चौकूनी
वि .ख . हसनपुर, जनपद अमरोहा

कार्यालय ग्राम पंचायत बागड़पुर मुन्जप्ता , वि.खं हसनपुर, जनपद अमरोहा

पत्रांकः मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा कुटेशन/2025–26 दिनांक – 10.04.2025

अल्पकालीन निविदा–कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बागड़पुर मुन्जप्ता वि० ख० हसनपुर जनपद अमरोहा में वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025–26 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ प्लस एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/ गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/ कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 10/04/2025 से 16/04/2025 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 05 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/ कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 17/04/2025 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 03:00 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/ कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत मे उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/ पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पीडीडब्ल्यू की दरों के अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति मे भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। नोटः निविदा प्रपत्र का विक्रय मूल्य 400 रु. है।

क.स.	सामग्री का नाम	मात्रा	दर
1	सीमेंट	प्रति वैग	
2	बालू रेत/लोकल रेल	घन मी.	
3	बजरफुट	घन मी.	
4	20 एम.एम. बजरी	घन मी.	
5	40 एम.एम. बिक ब्लास्ट	घन मी.	
6	ईंट प्रथम श्रेणी एम–150	प्रति हज़ार	
7	ईंट बालदार एम–275	प्रति हजार	
8	सी.सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एम. एम. सफेद	प्रति नग (एक)	
9	सी.सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एम. एम. रंगीन	प्रति नग (एक)	
10	दीवार टाइल्स	वर्ग मीटर	
11	फर्श टाइल्स	प्रति वर्ग मीटर	
12	सरिया/डोर माईल्डस	प्रति कुंतल	
13	लोहे का जाल	प्रति कुंतल	
14	मिटटी दूरी सहित कार्टेज मिट्टी	प्रति घन मीटर	
15	आफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर प्रिन्टर, इन्वेंटर, बैटरी सोसी टी.बी.		
	कैमरा, अलमानी, दरी, पंखा, डेस्कटॉप, सोलर पैनल, आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री	प्रति नग	
16	लकड़ी के दरवाजे / कामर्शियल/टेम्बर/प्लाई	प्रति घन मीटर	
17	बाल पेटिंग	प्रति वर्ग मोटर	
18	सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग	
19	सैनेट्री सामग्री/ सफाई किट	प्रति नग	
20	बिजली उपकरण/विद्युत मोटर	प्रति नग	
21	लोहे का फेन्सिंग तार	प्रति किग्रा.	
22	आयरन एगिल, टीनशेड	प्रति किग्रा.	
23	फोगिंग मशीन / स्प्रे मशीन	प्रति नग	
24	आर.सी.सी. बेंच	प्रति नग	
25	डस्टबिन, प्लास्टिक बैंक	प्रति नग	
26	स्ट्रीट एल.ई.डी. लाईट 45 वाट/सोलर लाईट	प्रति नग	
27	कीट नाशक/बिल्डिंग पाउडर/ हाइपोक्लोराइड	प्रति किग्रा./ली.	
28	फर्नीचर स्कूल बेच कम्पलीट	प्रति नग	
29	पेन्ट/डिस्टेम्पर / प्राईमर लकड़ी/लोहा	प्रति लीटर	
30	प्राईमर लोहा लकड़ी	प्रति लीटर	
31	शौचालय शीट/यूरिन शीट	प्रति नग	
32	हैण्डपम्प रिबोर / नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग / फिट	

सचिव
ग्राम पंचायत–बागड़पुर मुन्जप्ता
वि .ख . हसनपुर, जनपद अमरोहा

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–बागड़पुर मुन्जप्ता
वि .ख . हसनपुर, जनपद अमरोहा

कार्यालय ग्राम पंचायत रूपानांगल , वि.खं हसनपुर, जनपद अमरोहा

पत्रांकः मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा कुटेशन/2025–26 दिनांक – 10.04.2025

अल्पकालीन निविदा–कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रूपानांगल वि० ख० हसनपुर जनपद अमरोहा में वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025–26 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ प्लस एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/ गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/ कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 10/04/2025 से 16/04/2025 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 05 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/ कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 17/04/2025 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 03:00 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/ कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत मे उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/ पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पीडीडब्ल्यू की दरों के अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति मे भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। नोटः निविदा प्रपत्र का विक्रय मूल्य 400 रु. है।

क.स.	सामग्री का नाम	मात्रा	दर
1	सीमेंट	प्रति वैग	
2	बालू रेत/लोकल रेल	घन मी.	
3	बजरफुट	घन मी.	
4	20 एम.एम. बजरी	घन मी.	
5	40 एम.एम. बिक ब्लास्ट	घन मी.	
6	ईंट प्रथम श्रेणी एम–150	प्रति हज़ार	
7	ईंट बालदार एम–275	प्रति हजार	
8	सी.सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एम. एम. सफेद	प्रति नग (एक)	
9	सी.सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एम. एम. रंगीन	प्रति नग (एक)	
10	दीवार टाइल्स	वर्ग मीटर	
11	फर्श टाइल्स	प्रति वर्ग मीटर	
12	सरिया/डोर माईल्डस	प्रति कुंतल	
13	लोहे का जाल	प्रति कुंतल	
14	मिटटी दूरी सहित कार्टेज मिट्टी	प्रति घन मीटर	
15	आफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर प्रिन्टर, इन्वेंटर, बैटरी सोसी टी.बी.		
	कैमरा, अलमानी, दरी, पंखा, डेस्कटॉप, सोलर पैनल, आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री	प्रति नग	
16	लकड़ी के दरवाजे / कामर्शियल/टेम्बर/प्लाई	प्रति घन मीटर	
17	बाल पेटिंग	प्रति वर्ग मोटर	
18	सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग	
19	सैनेट्री सामग्री/ सफाई किट	प्रति नग	
20	बिजली उपकरण/विद्युत मोटर	प्रति नग	
21	लोहे का फेन्सिंग तार	प्रति किग्रा.	
22	आयरन एगिल, टीनशेड	प्रति किग्रा.	
23	फोगिंग मशीन / स्प्रे मशीन	प्रति नग	
24	आर.सी.सी. बेंच	प्रति नग	
25	डस्टबिन, प्लास्टिक बैंक	प्रति नग	
26	स्ट्रीट एल.ई.डी. लाईट 45 वाट/सोलर लाईट	प्रति नग	
27	कीट नाशक/बिल्डिंग पाउडर/ हाइपोक्लोराइड	प्रति किग्रा./ली.	
28	फर्नीचर स्कूल बेच कम्पलीट	प्रति नग	
29	पेन्ट/डिस्टेम्पर / प्राईमर लकड़ी/लोहा	प्रति लीटर	
30	प्राईमर लोहा लकड़ी	प्रति लीटर	
31	शौचालय शीट/यूरिन शीट	प्रति नग	
32	हैण्डपम्प रिबोर / नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग / फिट	

सचिव
ग्राम पंचायत– रूपानांगल
वि .ख .हसनपुर, जनपद अमरोहा

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत– रूपानांगल
वि .ख . हसनपुर, जनपद अमरोहा

कार्यालय ग्राम पंचायत रहमापुर खादर (फरीदपुर गढ़ी) , वि.खं गजरौला , जनपद अमरोहा

पत्रांकः मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा कुटेशन/2025–26 दिनांक – 10.04.2025

अल्पकालीन निविदा–कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रहमापुर खादर (फरीदपुर गढ़ी) वि० ख० गजरौला जनपद अमरोहा में वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025–26 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ प्लस एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/ गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/ कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 10/04/2025 से 16/04/2025 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 05 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/ कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 17/04/2025 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 03:00 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/ कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत मे उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/ पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पीडीडब्ल्यू की दरों के अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति मे भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। नोटः निविदा प्रपत्र का विक्रय मूल्य 400 रु. है।

क.स.	सामग्री का नाम	मात्रा	दर
1	सीमेंट	प्रति वैग	
2	बालू रेत/लोकल रेल	घन मी.	
3	बजरफुट	घन मी.	
4	20 एम.एम. बजरी	घन मी.	
5	40 एम.एम. बिक ब्लास्ट	घन मी.	
6	ईंट प्रथम श्रेणी एम–150	प्रति हज़ार	
7	ईंट बालदार एम–275	प्रति हजार	
8	सी.सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एम. एम. सफेद	प्रति नग (एक)	
9	सी.सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एम. एम. रंगीन	प्रति नग (एक)	
10	दीवार टाइल्स	प्रति वर्ग मीटर	
11	फर्श टाइल्स	प्रति वर्ग मीटर	
12	सरिया/डोर माईल्डस	प्रति कुंतल	
13	लोहे का जाल	प्रति कुंतल	
14	मिटटी दूरी सहित कार्टेज मिट्टी	प्रति घन मीटर	
15	आफिस फर्नीचर, कम्प्यूटर प्रिन्टर, इन्वेंटर, बैटरी सोसी टी.बी.		
	कैमरा, अलमानी, दरी, पंखा, डेस्कटॉप, सोलर पैनल, आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री	प्रति नग	
16	लकड़ी के दरवाजे / कामर्शियल/टेम्बर/प्लाई	प्रति घन मीटर	
17	बाल पेटिंग	प्रति वर्ग मोटर	
18	सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग	
19	सैनेट्री सामग्री/ सफाई किट	प्रति नग	
20	बिजली उपकरण/विद्युत मोटर	प्रति नग	
21	लोहे का फेन्सिंग तार	प्रति किग्रा.	
22	आयरन एगिल, टीनशेड	प्रति किग्रा.	
23	फोगिंग मशीन / स्प्रे मशीन	प्रति नग	
24	आर.सी.सी. बेंच	प्रति नग	
25	डस्टबिन, प्लास्टिक बैंक	प्रति नग	
26	स्ट्रीट एल.ई.डी. लाईट 45 वाट/सोलर लाईट	प्रति नग	
27	कीट नाशक/बिल्डिंग पाउडर/ हाइपोक्लोराइड	प्रति किग्रा./ली.	
28	फर्नीचर स्कूल बेच कम्पलीट	प्रति नग	
29	पेन्ट/डिस्टेम्पर / प्राईमर लकड़ी/लोहा	प्रति लीटर	
30	प्राईमर लोहा लकड़ी	प्रति लीटर	
31	शौचालय शीट/यूरिन शीट	प्रति नग	
32	हैण्डपम्प रिबोर / नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग / फिट	

सचिव
ग्राम पंचायत–रहमापुर खादर (फरीदपुर गढ़ी)
वि .ख . गजरौला , जनपद अमरोहा

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–रहमापुर खादर (फरीदपुर गढ़ी)
वि .ख . गजरौला , जनपद अमरोहा

कार्यालय ग्राम पंचायत झुंडी माफ़ी , वि.खं हसनपुर , जनपद अमरोहा

पत्रांकः मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा कुटेशन/2025–26 दिनांक – 10.04.2025

अल्पकालीन निविदा–कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत झुंडी माफ़ी वि० ख० हसनपुर जनपद अमरोहा में वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025–26 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ प्लस एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/ गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/ कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 10/04/2025 से 16/04/2025 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 05 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/ कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 17/04/2025 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 03:00 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/ कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत मे उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/ पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पीडीडब्ल्यू की दरों के अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति मे भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। नोटः निविदा प्रपत्र का विक्रय मूल्य 400 रु. है।

क.स.	सामग्री का नाम	मात्रा	दर
1	सीमेंट	प्रति वैग	
2	बालू रेत/लोकल रेल	घन मी.	
3	बजरफुट	घन मी.	
4	20 एम.एम. बजरी	घन मी.	
5	40 एम.एम. बिक ब्लास्ट	घन मी.	
6	ईंट प्रथम श्रेणी एम–150	प्रति हज़ार	
